Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP,
Ludhiana, Shimla,
Bihar, Jammu, Jaipur
Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




| Sat - 27 Jun - 2026 | Year - 01 | Issue - 82 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com |
|---|---|---|---|---|---|

## सीमा पार हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 10 आधुनिक पिस्तौल सहित चार आरोपी गिरफ्तार



चंडीगढ़/अमृतसर, 27 जून: पंजाब पुलिस ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सीमा पार हथियार तस्करी करने वाले एक सक्रिय नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 10 आधुनिक पिस्तौल, नौ जिंदा कारतूस और दो मोटरसाइकिल बरामद किए गए हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे तस्कर के इशारे पर सीमा पार से अवैध हथियारों की खेप प्राप्त कर उन्हें राज्य के आपराधिक तत्वों तक पहुंचाते थे। पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनकी निशानदेही पर दो अन्य आरोपियों को भी दबोच लिया।

पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे गांवों के निवासी हैं। जांच में यह भी सामने आया कि दो आरोपी पहले से हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम के मामलों में वांछित थे। पुलिस ने आरोपियों से तीन .30 बोर मेड इन चाइना पिस्तौल, एक 9 एमएम ग्लॉक (ऑस्ट्रिया निर्मित), एक अन्य 9 एमएम पिस्तौल, पांच .30 बोर पिस्तौल और नौ कारतूस बरामद किए हैं।

## एससी बहुल गांवों के विकास के लिए पंजाब सरकार ने जारी किए 72.21 करोड़ रुपये



चंडीगढ़, 27 जून: पंजाब सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी) बहुल गांवों के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिए आदर्श ग्राम योजना के तहत 72.21 करोड़ रुपये जारी किए हैं। सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि यह राशि उन गांवों के विकास पर खर्च की जाएगी, जहां एससी आबादी 40 प्रतिशत या उससे अधिक है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार 'रंगला पंजाब' के निर्माण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और विकास के समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भारत में भविष्य की विकास रणनीति पर फोकस, होंडा कार्स ने पेश की नई होंडा सिटी; 2028 तक नई एसयूवी और इलेक्ट्रिक वाहन लाने की घोषणा




चंडीगढ़, 2026: भारत में अपनी दीर्घकालिक रणनीति को और मजबूत करते हुए होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने वर्ष 2030 तक की विकास योजनाओं का खुलासा किया। कंपनी ने स्पष्ट किया कि भारत उसके लिए दुनिया के तीन सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में शामिल है और आने वाले वर्षों में कंपनी की वैश्विक विकास रणनीति में भारत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होगी। इस अवसर पर चंडीगढ़ में नई होंडा सिटी का भी शानदार प्रदर्शन किया गया।

कंपनी ने बताया कि वह आने वाले वर्षों में भारतीय ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक, किफायती और तकनीक से लैस वाहनों की मजबूत श्रृंखला बाजार में उतारेगी। इसके तहत वर्ष 2028 से सब-4 मीटर एसयूवी और मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट में नए मॉडल लॉन्च किए जाएंगे। इसके अलावा 2026-27 की दूसरी छमाही में होंडा भारत में अपना पहला बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (BEV) भी पेश करेगी, जिसकी रोड टेस्टिंग शुरू हो चुकी है।

होंडा कार्स इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग एवं सेल्स) कुणाल बहल ने कहा कि भारत में कंपनी के लिए विकास का नया दौर शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कंपनी छह नए वाहन लॉन्च करेगी। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ जैसे बाजार होंडा की बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, जहां होंडा सिटी, एलिवेट और अमेज जैसे मॉडलों को ग्राहकों से लगातार शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है।

नई होंडा सिटी को अधिक स्पोर्टी और प्रीमियम डिजाइन के साथ पेश किया गया है। इसमें नया फ्रंट और रियर डिजाइन, एलईडी लाइटिंग, नए अलॉय व्हील, क्रिस्टल ब्लैक पर्ल रंग, ड्यूल-टोन इंटीरियर, 10.1 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें, 360 डिग्री कैमरा, एंबियंट लाइटिंग और यूएसबी-सी चार्जिंग जैसे आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं।

सुरक्षा के लिहाज से नई होंडा सिटी में होंडा सेंसिंग ADAS तकनीक उपलब्ध कराई गई है, जिसमें कोलिजन मिटिगेशन ब्रेकिंग सिस्टम, एडैप्टिव क्रूज़ कंट्रोल, लेन कीप असिस्ट, रोड डिपार्चर मिटिगेशन, लीड कार डिपार्चर नोटिफिकेशन और ऑटो हाई बीम जैसी उन्नत सुविधाएं शामिल हैं।

यह कार दो इंजन विकल्पों में उपलब्ध होगी। पहला 1.5 लीटर i-VTEC पेट्रोल इंजन है, जो मैनुअल और सीवीटी ट्रांसमिशन के साथ आता है। दूसरा सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड e सिस्टम है, जो 27.26 किलोमीटर प्रति लीटर तक का माइलेज देने में सक्षम है। कंपनी नई सिटी पर तीन वर्ष की स्टैंडर्ड वारंटी, सात वर्ष तक एक्सटेंडेड वारंटी तथा हाइब्रिड बैटरी पर आठ वर्ष की वारंटी भी दे रही है।

## अथर्व यूनिवर्सिटी ने फिल्म मेकिंग, जर्नलिज्म और मीडिया स्टडीज़ के लिए इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कोर्स लॉन्च किए

चंडीगढ़: मीडिया, फिल्म और डिजिटल कंटेंट इंडस्ट्री में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए अथर्व यूनिवर्सिटी, मुंबई ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कोर्स की घोषणा की है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित न रखते हुए उन्हें व्यावहारिक अनुभव, आधुनिक तकनीक और उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करना है, ताकि वे मीडिया एवं मनोरंजन जगत में सफल करियर बना सकें।

विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किया गया प्रोजेक्ट-आधारित पाठ्यक्रम क्लासरूम शिक्षण और इंडस्ट्री एक्सपोजर का संतुलित मिश्रण है। इस पाठ्यक्रम में स्क्रिप्ट राइटिंग, फिल्म निर्देशन, सिनेमैटोग्राफी, वीडियो एडिटिंग, डिजिटल जर्नलिज्म, न्यूज़ प्रोडक्शन, मीडिया एथिक्स, पॉडकास्टिंग, फोटोग्राफी, कंटेंट प्रोडक्शन, मल्टीमीडिया स्टोरीटेलिंग और आधुनिक प्रोडक्शन तकनीकों जैसे विषय शामिल किए गए हैं। छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट्स, वर्कशॉप, स्टूडियो ट्रेनिंग और इंडस्ट्री इंटरैक्शन के माध्यम से वास्तविक कार्य अनुभव भी प्रदान किया जाएगा।

अथर्व यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं चांसलर सुनील राणे ने कहा कि मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री अभूतपूर्व बदलाव के दौर से गुजर रही है। ओटीटी प्लेटफॉर्म, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया, ब्रॉडकास्टिंग, विज्ञापन, एनीमेशन और कंटेंट क्रिएशन जैसे क्षेत्रों में लगातार नए अवसर सामने आ रहे हैं। ऐसे में उद्योग को ऐसे पेशेवरों की आवश्यकता है, जिनके पास रचनात्मक सोच के साथ-साथ तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक अनुभव भी हो। उन्होंने कहा कि आज सफलता केवल




डिग्री से नहीं बल्कि कौशल, नवाचार और प्रभावी कहानी कहने की क्षमता से तय होती है। इसलिए विश्वविद्यालय का पूरा फोकस विद्यार्थियों को इंडस्ट्री-रेडी बनाना है, ताकि वे पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी के साथ-साथ स्वतंत्र कंटेंट क्रिएटर, फिल्म निर्माता, पत्रकार, डिजिटल मीडिया विशेषज्ञ या उद्यमी के रूप में भी अपना करियर बना सकें।

सुनील राणे ने बताया कि पाठ्यक्रम को इस प्रकार तैयार किया गया है कि विद्यार्थियों को बदलती तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मीडिया टूल्स, डिजिटल प्लेटफॉर्म और आधुनिक कंटेंट निर्माण प्रक्रियाओं की भी जानकारी मिले। इससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।

विश्वविद्यालय केवल मीडिया शिक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (सीओए) से मान्यता प्राप्त पांच वर्षीय बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (बी.आर्क.) कार्यक्रम भी संचालित कर रहा है। यह कोर्स आधुनिक आर्किटेक्चर, डिजाइन थिंकिंग, रिसर्च और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण पर केंद्रित है, जिससे छात्र वास्तुकला के बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप अपनी पेशेवर क्षमता विकसित कर सकें। अथर्व यूनिवर्सिटी का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी फैकल्टी, अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग के साथ मजबूत साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को ऐसा शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है।

## सीमा पार हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 10 आधुनिक पिस्तौल सहित चार आरोपी गिरफ्तार



चंडीगढ़/अमृतसर, 27 जून: पंजाब को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक सक्रिय नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 10 आधुनिक पिस्तौल, नौ जिंदा कारतूस और दो मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने इसे सीमा पार हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता बताया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि सिंह (33) और शरणबीर सिंह उर्फ सन्नी (31) निवासी गांव महावा, जिला अमृतसर, मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नू (21) निवासी गांव निहाला किलचा तथा पिप्पल सिंह (22) निवासी गांव फतेहवाला हिठाड़, जिला फिरोजपुर के रूप में हुई है। बरामद हथियारों में तीन .30 बोर मेड इन चाइना पिस्तौल, एक 9 एमएम ग्लॉक मेड इन ऑस्ट्रिया, एक अन्य 9 एमएम पिस्तौल, पांच .30 बोर पिस्तौल और नौ जिंदा कारतूस शामिल हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में बैठे एक तस्कर के निर्देश पर काम कर रहे थे। वे अंतरराष्ट्रीय सीमा के रास्ते पंजाब में पहुंचाई गई अवैध हथियारों की खेप प्राप्त कर उन्हें राज्य के विभिन्न आपराधिक तत्वों तक पहुंचाते थे। उन्होंने कहा कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने तथा पूरे सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

पुलिस कमिश्नर अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने पहले रवि सिंह और शरणबीर उर्फ सन्नी को तीन पिस्तौलों सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में मिले सुरागों के आधार पर दो और पिस्तौल बरामद किए गए। इसके बाद विदेश में बैठे तस्कर के संबंध में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने मनप्रीत उर्फ मन्नू और पिप्पल सिंह को भी गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से तीन पिस्तौल बरामद हुए। आगे की पूछताछ में इन दोनों आरोपियों से दो और हथियार बरामद किए गए।



Advertisement

# herbegy™

Think pure think herbal

## PREMIUM SPICES RANGE

### Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**


Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.